HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD
(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel: 0172-2586055, | E-mail: simrmsa@gmail.com | Website: www.hsspp.in

**Ref. No. KW 39/40-2020 ACD (4)** **Dated:** 25/05/2023

सेवा में

राज्य के सभी,
1. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
2. खण्ड शिक्षा अधिकारी।
3. स्कूल मुखिया/प्रभारी।

**विषयः— कक्षा पहली से पांचवीं के लिये NIPUN कार्यक्रम तथा NEP-2020 की अनुपालना में नवाचारी ग्रीष्म अवकाश होमवर्क के सन्दर्भ में।**

********

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि 01 जून से 30 जून तक होने वाले ग्रीष्म अवकाश में निपुण कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या NCF की अनुपालना में होमवर्क में बदलाव किया गया है। पूर्व की भांति लेखन तथा रटने की प्रकृति की अपेक्षा इस वर्ष अनुभव आधारित Experience Learning पर बल दिया गया है। यह अनूठा होमवर्क परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर किया जाना है जिसमें नाना—नानी, दादा—दादी एवं बड़े सदस्य मेन्टर की भूमिका में हैं तथा अपने अनुभवों के साथ नई पीढ़ी को संस्कार, मार्गदर्शन, दक्षता, कौशल, व्यवहार कुशलता प्रदान करेंगे। यह सभी गतिविधियां जहां विद्यार्थी को पढ़ने—लिखने, गणना जैसे कौशल देगी वहीं उन्हें आंकलन, अनुमान लगाना, विश्लेषक, एकीकरण, प्रथककरण सिखायेगी वहीं विद्यार्थी के शब्दकोष का विस्तार करेगा जिसमें अपनी मातृभाषा में गीत, लोकगीत, पहेलियां, कहानियां, वृतांत, किस्से तथा 20वीं सदी के विचार, रिवाज, परिवार के सदस्यों की पिछली पीढ़ियों की जानकारी प्राप्त करेगा। परिवार के सदस्यों से जोड़कर बनाई गई यह गतिविधियां उन्हें हर समय मोबाइल तथा टेलीविजन से दूर करके अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेंगी तथा परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ लगाव एवं जुड़ाव का वातावरण बनाने में सहायक होगी।

यह होमवर्क पूरे मास किया जाना है तो परिवार के बड़े सदस्यों के बिना संभव नहीं है। अतः इन सबके लिए माता—पिता को अपनी सुविधा तथा उपलब्ध समय अनुसार गतिविधियों का चुनाव करके इसे बच्चों को करवाना होगा। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इन गतिविधियों पर कोई पैसा खर्च न हो। संलग्न सूची में उल्लेखित सभी गतिविधियां अनिवार्य नहीं हैं परन्तु यह अनिवार्य है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी दक्षता, कक्षा तथा आयु के अनुसार कम से कम 10 गतिविधियां अवश्य करे। शहरी तथा ग्रामीण दोनों परिवेश में रहने वाले विद्यार्थी एकल तथा संयुक्त परिवार में रहने वाले विद्यार्थी अपने वातावरण

के अनुसार अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर इनका चयन करेंगे। होमवर्क का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्रमांक | गतिविधियां |
|---|---|
| **Section - A** | |
| 1. | मूंग, उड़द, चना आदि दालों को अंकुरित करना तथा उनकी मोबाइल से हर रोज फोटो लेना, लम्बाई मापना। |
| 2. | आम, नीम, जामुन, ईमली, लीची, आड़ू, ढेक इत्यादि की गुठलियों को संभालना तथा बरसात के मौसम अनुसार उगाने की तैयारी करना। |
| 3. | खेत, क्यारी, गमले आदि में मक्की, भिन्डी, घीया, तोरी आदि के बीज लगाना तथा पौधे, पत्तियों आदि की लम्बाई मापना। उनकी वृद्धि की प्रगति का आंकलन करना। परिवेश में उपलब्ध पौधों के पत्तों की पहचान करना। |
| 4. | फलों के बीजों को साफ करना तथा उनकी गिनती करना जैसे तरबूज या खरबूजे से निकले बीजों की संख्या गिनना। |
| 5. | कम से कम तीन पहेलियां याद करना व उसे अपनी उम्र के बच्चों से पूछना तथा 03 पारम्परिक व स्थानीय खेल खेलना सीखना। |
| 6. | जून मास में किस दिन बादल छाये, किस समय बारिश हुई इसकी जानकारी रखना, वर्षा आने से पहले वातावरण में क्या बदलाव आते हैं यह समझना। |
| 7. | घर के गमलों में पानी डालना, पौधों की देखभाल करना आदि। घर के सभी सदस्यों के जूतों तथा चश्में के नम्बर लिखना तथा कपड़ो के रंग पहचानना। |
| 8. | विवाह शादी, जन्मदिन समारोह में परोसी गई मिठाइयां तथा व्यंजनों का विवरण लिखना। |
| 9. | घर के किसी भाग में एकट्ठा हुये पानी को निकालने में माता–पिता की सहायता करना। |
| 10. | परिवार के सदस्यों के कम से कम 10 मोबाइल नम्बर याद करना। |
| 11. | दिन में दो बार न्यनतम तथा अधिकतम तापमान देखना। बिजली के मीटर की साप्ताहिक रीडिंग चैक करना। पूरे घर मे बिजली से चलने वाले उपकरणों के नाम याद करना। |
| **Section - B** | |
| 1. | रसोई घर में उपलब्ध बरतनों के नाम लिखना, संख्या, आकार, बड़ा, छोटा, धातू, उनका उपयोग जानना। रसोई में खर्च राशन जैसे आटा, नमक, दालें इत्यादि की मात्रा बारे जानना। |
| 2. | रसोई घर में उपलब्ध मसालों, दालों एवं अन्य खाद्य सामग्री के नाम लिखना। उन्हें छूकर, सूंघकर, चखकर पहचान करना। |

| | |
|---|---|
| 3. | विज्ञापन, टी.वी., अखबार से नहाने के साबुन के नाम, रिफाइंड तेल, पेय पदार्थ, बिस्कुट, नमकीन, पापड़, टॉफी, चॉकलेट, वांशिग पाउडर आदि के नाम लिखना। |
| 4. | घर में रखी वस्तुओं की सूची बनाना। उनमें कपड़े की, लकड़ी की, काँच की, धातु की वस्तुओं को अलग–अलग लिखना। |
| 5. | घर में प्रतिदिन कितने घन्टे पंखा चलता है, इसका दैनिक रिकार्ड रखना, एक महीने में कितनी देर पंखा चला तथा उस पर कितनी बिजली खर्च हुई। बिजली की बचत कैसे की जाए, यह समझना। |
| 6. | नहाने के दौरान प्रतिदिन आप द्वारा कितने लीटर पानी का खर्च किया गया। एक बालटी में कितने लीटर पानी आता है। आपका गर्मियों के पानी का मासिक खर्च कितना है। पानी भरने वाले बरतनोंकी कुल लीटर क्षमता मापना। पानी भरने के लिए घर में क्या–क्या सामान है। |
| 7. | कपड़े धोना, सुखाना, तह करना, प्रैस करना तथा अलमारी सहेजना सीखना। |
| 8. | घर में झाड़ू, पोचा लगाना, पूरे दिन घर में घर के कामों में माता–पिता का हाथ बटाना तथा साप्ताहिक टाइम–टेबल बनाना। सब्जी व सलाद काटना सीखना। |
| 9. | घर में कमरों, रसोई, शौचालय, आंगन आदि की लम्बाई और चौड़ाई मापना, खाट, पलंग, चादर आदि की लम्बाई व चौड़ाई मापना। |
| 10. | सब्जी मण्डी में माता–पिता के साथ जाना, कम से कम 10 सब्जियों का रेट कापी पर नाम के साथ लिखना। |
| 11. | भोजन करते समय टी.वी. मोबाइल का उपयोग बन्द करना तथा टी वी मोबाइल से कम से कम एक दिन का व्रत रखना। |
| **Section - C** | |
| 1. | दादा–दादी, नाना–नानी से मिलकर फैमिली ट्री बनाना। आपका परिवर कहाँ से आयो, रिश्तेदारी किस गाँव, शहर में है यह जानना। बुआ, मासी, चाचा, ताऊ आदि किस–किस स्थान पर रहते हैं यह लिखना। |
| 2. | दादा–दादी, नाना–नानी अथवा बड़ों के पाँव दबाना, उनके साथ खेलना। |
| 3. | कम से कम एक प्रार्थना अवश्य याद करना, भजन शबद अथवा धार्मिक गीत याद करना। |
| 4. | 5 चुटकुले याद करना तथा सुनाना। सांप–सीढ़ी, लूडो, कैरम आदि गेम खेलना। |
| 5. | परिवार के सभी सदस्यों की आयु को जोड़कर कितने वर्ष बनते हैं, यह लिखना। |
| 6. | सुबह जल्दी उठना, बिस्तर तह करना, योग करना, प्रातःकाल की सैर करना, सूर्य नमस्कार करना सीखना। |

| | |
|---|---|
| 7. | 3 मिनट में एक नल से कितने लीटर पानी आता है, यह तीन अलग–अलग नल से नापना तथा अन्तर लिखना। |
| 8. | पूरे परिवार के सदस्यों की लम्बाई तथा भार मापना। पक्षियों को दाने डालना तथा पानी का प्रबंध करना। |
| 9. | दादा–दादी, नाना–नानी से उनके विवाह के समय पर क्या–क्या मिठाइयां बनी तथा उस समय दूध, सोना, चाँदी, चीनी इत्यादि का रेट क्या था, यह चर्चा करना व उसका वीडियो बनाना। |
| 10. | उनकी पसंदीदा फिल्म उनके साथ देखना तथा उनके पसंदीदा गाने सुनना। |
| 11. | अपनी गली, मोहल्ले, वार्ड, सेक्टर, गांव, नगर, कस्बे, शहर का नाम तथा पिन कोड याद करना, अपना आधार नम्बर याद करना, जिले का नाम, राज्य का नाम तथा देश का नाम याद करना। |
| **Section - D** | |
| 1. | पुराने समाचार पत्रों से विभिन्न खिलाड़ियों की तस्वीरें एकत्रित करना तथा उनके नाम व खेल बारे जानकारी प्राप्त करना। |
| 2. | पिताजी की मोटर साइकिल/स्कूटर/कार प्रतिदिन कितने किलोमीटर चलती है उसका रिकार्ड रखना। |
| 3. | उसमें एक महीने में कितना पैट्रोल, डीजल डलवाया तथा कितने पैसे खर्च हुये इसका भी रिकार्ड रखना। |
| 4. | आपके द्वारा प्रतिदिन कितनी देर मोबाइल का उपयोग किया गया, टी0वी0 कितनी देर देखा गया, कम्पयूटर/लैपटाप का आपका मासिक उपयोग कितना है। |
| 5. | आपके घर से पार्क, मन्दिर, बाजार/दुकान, स्कूल कितने कदम दूर हैं, कितने मीटर दूर हैं। आप प्रतिदिन कितने कदम/मीटर/किलोमीटर चलते हैं, इसका रिकार्ड बनाना। |
| 6. | आपके द्वारा छुट्टियों में की गई यात्राओं का वर्णन जैसे किस शहर से कहाँ तक। यात्रा के रास्ते में कौन–कौन से शहर आये। |
| 7. | डाकघर, बैंक, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, सब्जी मण्डी, अनाज मण्डी आदि का भ्रमण करना। |
| 8. | आटा पीसने की चक्की, आरा मशीन, अन्य दस्तकारों के मोटर मैकेनिक के कार्य को देखना। |
| 9. | चिकनी मिट्टी को गूंथकर उसके खिलौने बनाना, उन्हें धूप में सुखाना तथा रंग करना। |
| 10. | पुराने कैलेण्डर को देखकर वर्षभर में कितने रविवार आये व कितनी अन्य छुट्टिया आई उनकी मासिक गिनती करके वर्ष की कुल छुट्टियां निकालना। |
| 11. | माता–पिता, दादा–दादी, गाँव के सरपंच, विधायक, राज्य के शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति का नाम याद करना। |

HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD
(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel: 0172-2586055, | E-mail: simrmsa@gmail.com | Website: www.hsspp.in

आपसे आग्रह किया जाता है कि इसे अपने स्कूल/कक्षा के सभी अभिभावकों के साथ सांझा करें तथा तथा 30/31 मई को पी.टी.एम. का आयोजन करके अभिभावकों का यह भी मार्गदर्शन करें कि वह अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत करें व इस होमवर्क के माध्यम से उनमें अच्छे संस्कार डालें, श्रम के प्रति सम्मान का भाव पैदा करें, अपने काम स्वयं करने की भावना जगायें तथा घर के कार्यों को करने का अभ्यास करवायें।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृते: राज्य परियोजना निदेशक
एच.एस.एस.पी.पी. पंचकूला

**पृष्ठांकन क्रमांक समः** **दिनांक, पंचकूला 25.05.2023**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सहायक प्रबन्धक, माननीय राज्य परियोजना निदेशक, HSSPP, पंचकूला।
2. निजी सहायक, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निदेशक, SCERT हरियाणा, गुरूग्राम।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृते: राज्य परियोजना निदेशक
एच.एस.एस.पी.पी. पंचकूला